न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी संगरिया
पीठासीन अधिकारीः—उम्मेद सिंह रतनू आर.ए.एस.
प्रकरण संख्याः— 07/2019
वादपत्र अन्तर्गत धारा संख्याः—88 आरटीए

1. आकाश पुत्र भादरराम जाति सुथार निवासी ढाणी चक 3 डीएलपी रोही नाथवाना हाल लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ।

वादी

**बनाम**

1. कालासिंह पुत्र गुरदेव सिह जाति जटसिख नि. लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़
2. जसविन्द्रकौर उर्फ समिन्द्र कौर पत्नी पप्पीसिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
3. जसप्रीत सिह पुत्र पप्पीसिह | जाति जटसिख नि.लीलावली तह. संगरिया जिला हनुमानगढ़
4. सरबजीतकौर पुत्री पप्पीसिह |
5. गुरदीप सिह | पुत्रगण गुरबचन सिह जाति जटसिख नि.ढाणी चक 3 डीएलपी
6. मन्दरसिंह | तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
7. मलकीतकौर पत्नी गुरदेवसिह जाति जटसिख नि.ढाणी चक 3 डीएलपी तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
8. छिन्द्रकौर उर्फ सिदाकौर | पुत्रिया गुरबचन सिह जाति जटसिख निवासी ढाणी चक 3 डीएलपी
9. मितोकौर | तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
10. छिन्दाकौर |
11. कौरसिह पुत्र मेजर सिह जाति जटसिख नि. ढाणी चक 3 डीएलपी तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
12. परमजीतकौर | पुत्रिया जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
13. अमरजीतकौर | जिला हनुमानगढ़ (राज.)
14. गुरविन्द्र कौर |
15. बुटासिंह पुत्र जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
16. निर्मल सिंह दत्तक पुत्र अजमेर सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
17. नन्दसिंह पुत्र मितसिंह (फौत)
    17/1 नाहर सिह | पिसरान स्व. नन्द सिह पुत्र मित सिह जाति जटसिख निवासीगण
    17/2 गुरमेल सिह | लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़ (राज.)
    17/3 जीतासिह |
18. सरजीत कौर |
19. बलवीर कौर | पुत्रियां जगीर सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
20. नसीबकौर |
21. वीरपालकौर पुत्री जसपालकौर जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
22. हरजीत सिह पुत्र जसपाल कौर जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।
23. सुल्तानाराम |
24. कृष्ण कुमार |
25. मोहनलाल | पुत्रगण लालचन्द जाति सुथार निवासी लीलावाली तहसील संगरि
26. रामेश्वर |
27. राजेन्द्र |
28. मदन लाल |
29. साहबराम |
30. बैक ऑफ बडौदा शाखा संगरिया।
31. एसबीआई बैक शाखा संगरिया।
32. तहसीलदार राजस्व संगरिया।

33. जगनसिह पत्र्रु गुरबचन सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।
34. करनैल कौर पत्नी जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया ।
35. सरजीतकौर पत्नी जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।

प्रतिवादीगण

उपस्थिति :—

1. श्री रामनिवास बेदी अधिवक्ता—वादी
2. श्री संजय साहेवाल अधिवक्ता—प्रतिवादी संख्या 31

अधिवक्ता वादी द्वारा एक राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88/53 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार वादी एवं प्रतिवादीगण का पंजीयत पता सिविल प्रक्रिया संहिता के आज्ञापक प्रावधानो के अनुसार वही है जो वाद शींषक मे दर्ज है। चक 3 डीएलपी जमाबन्दी सम्वत 2069—72 खाता संख्या 19/10 के कुल सांझाा खाता 5.644 है. मे से वादी के नाम 0.426 है. तथा इसी चक के खाता संख्या 20/15 के कुल सांझा खाता 3.795 है. मे से वादी के नाम 1. 578 है तथा इसी चक के खाता संख्या 76/65 के कुल सांझा 7.805 है मे से वादी के नाम 0.527 है. कृषि भूमि दर्ज राजस्व रिकार्ड है उपरोक्त खातो की चालू जमाबन्दी संलग्न वाद पत्र है। वादी ने प्रतिवादीगण/सहखातेदारो के साथ वादपत्र की चरण संख्या 2 में वर्णित भूमि को लेकर राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के विरचित प्रावधानो को ध्यान में रखकर घरा घरू विभाजन अच्छी मन्दी भूमि को लेकर काश्त की सुविधानुसार कर लिया है। घरू विभाजन में वादी ने चक 3डीएलपी के खाता संख्या 76/65 में 0.319 है. निर्मल सिह दत्तक पुत्र अजमेर सिह व 0.319 है. जोगेन्द्र सिह तथा 0.112 है. कालासिंह खातेदार भूमि ली है जिसकी ऐवज में वादी ने इसी चक के खाता संख्यया 19/10 में अपने हक व हिस्सा मे से 0.319 है. प्रतिवादी संख्या 16 निर्मलसिह दतक पुत्र अजमेर सिह व शेष 0.107 है. हिस्सा जगेन्द्र सिह के वारीशो को छोड दिया है। व इसी प्रकार इसी चक के खाता संख्या 20/15 में 0.112 है. भूमि प्रतिवादी संख्या 1 कालासिह को व 0. 201 है. हिस्सा जगेन्द्र सिह के वारीशो को हिस्साअनुसार दी गयी है। वादी के हक व हिस्सा में आयी कब्जा काश्त की भूमि का विवरण निम्नप्रकार से है चक 3 डीएलपी खाता संख्या 20/15 पं. नं. 158/196 मु.नं. 44 किला नं. 11,12,13/0.759 पं.नं. 159/196 मु.नं. 45 किला नं. 11,12/0. 506 चक 3 डीएलपी खाता संख्या 76/65 पं.नं. 158/196 मु.नं. 44 किला नं. 16/0.215 (0.038 गै.मु.) 17,18,19,20/0.253प्रे. उपरोक्त भूमि पर वादी की घरा घरू बंटवारा के रोज से शान्ति पूर्वक बिना किसी बाधा के कब्जा काश्त चली आ रही है। कब्जा काश्त को लेकर आज भी कोई विवाद नहीं है। वाद भूमि कब्जा काश्त अनुसार वादी के नाम नहीं होने के कारण व वाद भूमि सांझा खाता में दर्ज होने के कारण आये दिन सींव बट रकम राज आबयाना व पानी की बारी इत्यादि को लेकर बिना वजह विवाद रहता है। जबकि वादी अपने हिस्सा में आयी घरा घरू बंटवारा अनुसार कब्जा काश्त की भूमि का खाता सहखतेदारों से अलग करवाने का अधिकारी एवं दावेदार है। गत सप्ताह वादी ने प्रतिवादीगण से नम्र निवेदन किया कि वो वाद पत्र की चरण संख्या 3 में वर्णित वादी के हिस्सा में आयी वादभूमि का खाता अलग—अलग करवा लेवे तो पहले तो वो आजकल आजकल करते रहे गत सप्ताह ऐसा करने से स्पष्ट् ईन्कार कर दिया बस यही वादकारण है। खातेदार गुरबचन सिह गुरदेवसिह पि. बग्गासिह व रूप सिह पुत्र गुरदेवसिह तथा करनैल सिह पत्नी गुरबचन सिह तथा मलकीतकौर पत्नी गुरदेवसिह और लालचन्द पुत्र पेमाराम का देहान्त हो चुका है। जिनके विधिक वारिसान को बतौर प्रतिवादीगण पक्षकार संयोजित किया जाकर वाद पत्र में बतौर प्रतादीगण पक्षकार पक्षकार बनाये गये है। उपरोक्त खातेदारो के विरूद्व वादपत्र में वादी ने कोई अनुतोष नहीं चाहा है। तथा प्रतिवादी संख्या 30,31 बैको का नाम जमाबन्दी में होने के कारण व प्रतिवादी संख्या 32 को भूमि धारक होने के कारण पक्षकार संयोजित किया गया है। प्रत्यक्षतया इनके खिलाफ कोई अनुतोष नहीं चाहा गया है। वादपत्र वादी घोषणात्मक हक व खाता तकसीम का है जो उचित न्याय शुल्क पर पेश है। काबिल समायत अदालत वाला व अन्दर मियाद है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वाद प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गई। वाद—पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 ता ता 16, 17/1 ता 174/3, 18 ता 30, 32 की तलबी जरिये साधारण सम्मन व रजिस्ट्री डाक एवं समाचार पत्र से करवाई गई उक्त प्रतिवादीगण को तीन—तीन बार आवाज लगाई गई बावजूद

बार–बार आवाज लगाने के प्रतिवादी संख्या 1 ता  ता 16, 17/1 ता 174/3, 18 ता 30, 32 के उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रतिवादी संख्या 31 की ओर से न्यायालय में जरिये अधिवक्ता जवाब दावा पेश कर राज्य हित को ध्यान में रखते हुए वाद को स्वीकार किया गया। साक्ष्य वादी में साक्ष्य पेश नहीं करना चाहते है लिए साक्ष्य वादी बन्द किये जाते है।

बहस वकील वादी सुनी गई। वकील वादी ने वादपत्र के तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 29 सहकाश्तकार होना बतलाते हुए वाद स्वीकार किये जाने का निवेदन किया।

दस्तावेजों का गहराई से अध्ययन किया गया। राजस्व रिकार्ड में उक्त आराजी वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 32 सहकाश्तकारों के नाम से दर्ज है। प्रतिवादी संख्या 1 ता 30, 32 के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रतिवादी संख्या 31 ने राज्य हित को ध्यान रखते हुए सहमति का जवाब दावा पेश किया इसलिए प्रकरण में तनकीयात कायम नहीं की गई। वादी द्वारा खाता विभाजन का अनुतोष चाहा गया है एवं मौका पर कब्जा काश्त की स्थिति स्पष्ट नहीं तथा प्रतिवादी संख्या 1 ता 29,30,32 उपस्थित नहीं होने व भूमि में सह–खातेदार होने के कारण इनके हित को ध्यान में रखते हुए वादी के वादपत्र में तहसीलदार संगरिया से मौका रिपोर्ट मय प्रमाणित नजरी नक्शा मंगवाया जाना उचित प्रतीत होता है।

## क्रियात्मक आदेश

अतः वाद वादी आंशिक स्वीकार कर आदेश दिये जाते है कि समस्त काश्कारों की उपस्थिति में विधि सम्मत सुनवाई का पूर्ण अवसर देकर चक नं. 3 डी.एल.पी.खाता संख्या 20/15 खाता गुरबचनसिह वगैरा व खाता संख्या 19/10 एवं खाता संख्या 76/65 के समस्त सह–काश्तकारों के हिस्सा अनुसार राजस्थान काश्तकारी ( सरकारी ) अधिनियम 1955 के नियम 18 से 21 की पालना की जाकर अच्छी–मन्दी, खाला,रास्ता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समस्त सहकाश्तकारों का विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा सहित रिपोर्ट तैयारकर भिजवाने हेतु तहसीलदार राजस्व संगरिया को अलग से लिखा जावे। प्राथमिक पर्चा डिक्री अलग से जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 16.10.2019 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(उम्मेद सिंह रतनू)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी,संगरिया

मूल वाद में अन्तिम डिक्री बमुकद में ईब्तदाई
अ. आदेश 20 नियम 6–7 व्या.प्रक्रियां संहिता

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,संगरिया
पीठासीन अधिकारीः–उम्मेद सिंह रतनू आर.ए.एस.
प्रकरण संख्याः– 07/2019

1. आकाश पुत्र भादरराम जाति सुथार निवासी ढाणी चक 3 डीएलपी रोही नाथवाना हाल लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ।

वादी

**बनाम**

1. कालासिंह पुत्र गुरदेव सिह जाति जटसिख नि. लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़
2. जसविन्द्रकौर उर्फ समिन्द्र कौर पत्नी पप्पीसिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
3. जसप्रीत सिह पुत्र पप्पीसिह | जाति जटसिख नि.लीलावली तह. संगरिया जिला हनुमानगढ़
4. सरबजीतकौर पुत्री पप्पीसिह |
5. गुरदीप सिह | पुत्रगण गुरबचन सिह जाति जटसिख नि.ढाणी चक 3 डीएलपी
6. मन्दरसिंह | तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
7. मलकीतकौर पत्नी गुरदेवसिह जाति जटसिख नि.ढाणी चक 3 डीएलपी तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
8. छिन्द्रकौर उर्फ सिदाकौर | पुत्रिया गुरबचन सिह जाति जटसिख निवासी ढाणी चक 3 डीएलपी
9. मितोकौर | तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
10. छिन्दाकौर |
11. कौरसिह पुत्र मेजर सिह जाति जटसिख नि. ढाणी चक 3 डीएलपी तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
12. परमजीतकौर | पुत्रिया जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
13. अमरजीतकौर | जिला हनुमानगढ़ (राज.)
14. गुरविन्द्र कौर |
15. बुटासिंह पुत्र जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
16. निर्मल सिंह दत्तक पुत्र अजमेर सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
17. नन्दसिंह पुत्र मितसिंह (फौत)
    17/1 नाहर सिह | पिसरान स्व. नन्द सिह पुत्र मित सिह जाति जटसिख निवासीगण
    17/2 गुरमेल सिह | लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़ (राज.)
    17/3 जीतासिह |
18. सरजीत कौर |
19. बलवीर कौर | पुत्रियां जगीर सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
20. नसीबकौर |
21. वीरपालकौर पुत्री जसपालकौर जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
22. हरजीत सिह पुत्र जसपाल कौर जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।
23. सुल्तानाराम |
24. कृष्ण कुमार | पुत्रगण लालचन्द जाति सुथार निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
25. मोहनलाल | जिला हनुमानगढ़।
26. रामेश्वर |
27. राजेन्द्र |
28. मदन लाल |
29. साहबराम |
30. बैक ऑफ बडौदा शाखा संगरिया।
31. एसबीआई बैक शाखा संगरिया।

32. तहसीलदार राजस्व संगरिया।
33. जगनसिह पत्रु गुरबचन सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।
34. करनैल कौर पत्नी जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया ।
35. सरजीतकौर पत्नी जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।

—प्रतिवादीगण

यह राजस्व मुकद्मा आज मुझ उम्मेद सिंह रतनू आर.ए.एस. के समक्ष वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे बहाजरी श्री रामनिवास बेदी वकील वादीगण मिन जामिन मुदई श्री संजय साहेवाल वकील प्रतिवादीगण मिन जानिब मुदायला पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिग्री दी जाती है कि चक नं. 3 डी.एल.पी.खाता संख्या 20/15 खाता गुरबचनसिह वगैरा व खाता संख्या 19/10 एवं खाता संख्या 76/65 के समस्त सह—काश्तकारों के हिस्सा अनुसार राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) अधिनियम 1955 के नियम 18 से 21 की पालना की जाकर अच्छी—मन्दी, खाला,रास्ता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समस्त सहकाश्तकारों का विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा तैयारकर पेश करें। पत्रावली विभाजन प्रस्ताव के साथ आगामी दिनांक 16.10.2019 को पेश हो।

(उम्मेद सिंह रतनू)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी,संगरिया

*अपवादित खाता*
*शिविर संगरिया*

मूल वाद में अन्तिम डिक्री बमुकद में ईब्तदाई
अ. आदेश 20 नियम 6–7 व्या.प्रक्रियां संहिता
न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,संगरिया
पीठासीन अधिकारीः–उम्मेद सिंह रतनू आर.ए.एस.
प्रकरण संख्याः–07 / 2019

1. आकाश पुत्र भादरराम जाति सुथार निवासी ढाणी चक 3 डीएलपी रोही नाथवाना हाल लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ।

वादी

**बनाम**

1 कालासिंह पुत्र गुरदेव सिह जाति जटसिख नि. लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़
2. जसविन्द्रकौर उर्फ समिन्द्र कौर पत्नी पप्पीसिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
3. जसप्रीत सिह पुत्र पप्पीसिह | जाति जटसिख नि.लीलावली तह. संगरिया जिला हनुमानगढ़
4. सरबजीतकौर पुत्री पप्पीसिह |
5. गुरदीप सिह | पुत्रगण गुरबचन सिह जाति जटसिख नि.ढाणी चक 3 डीएलपी
6. मन्दरसिंह तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
7. मलकीतकौर पत्नी गुरदेवसिह जाति जटसिख नि.ढाणी चक 3 डीएलपी तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
8. छिन्द्रकौर उर्फ सिदाकौर | पुत्रिया गुरबचन सिह जाति जटसिख निवासी ढाणी चक 3 डीएलपी
9. मितोकौर | तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
10. छिन्दाकौर
11. कौरसिह पुत्र मेजर सिह जाति जटसिख नि. ढाणी चक 3 डीएलपी तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
12. परमजीतकौर | पुत्रिया जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
13. अमरजीतकौर | जिला हनुमानगढ़ (राज.)
14. गुरविन्द्र कौर
15. बुटासिंह पुत्र जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तह.संगरिया जिला हनुमानगढ़।
16. निर्मल सिंह दत्तक पुत्र अजमेर सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
17. नन्दसिंह पुत्र मितसिंह (फौत)
17 / 1 नाहर सिह | पिसरान स्व. नन्द सिह पुत्र मित सिह जाति जटसिख निवासीगण
17 / 2 गुरमेल सिह | लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़ (राज.)
17 / 3 जीतासिह
18. सरजीत कौर |
19. बलवीर कौर | पुत्रियां जगीर सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
20. नसीबकौर
21. वीरपालकौर पुत्री जसपालकौर जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ़।
22. हरजीत सिह पुत्र जसपाल कौर जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।
23. सुल्तानाराम |
24. कृष्ण कुमार | पुत्रगण लालचन्द जाति सुथार निवासी लीलावाली तहसील संगरिया
25. मोहनलाल | जिला हनुमानगढ़।
26. रामेश्वर
27. राजेन्द्र
28. मदन लाल
29. साहबराम

30. बैक ऑफ बडौदा शाखा संगरिया।
31. एसबीआई बैक शाखा संगरिया।
32. तहसीलदार राजस्व संगरिया।
33. जगनसिह पुत्र गुरबचन सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।
34. करनैल कौर पत्नी जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया ।
35. सरजीतकौर पत्नी जोगेन्द्र सिह जाति जटसिख निवासी लीलावाली तहसील संगरिया।

प्रतिवादीगण

यह राजस्व मुकद्मा आज मुझ उम्मेद सिंह रतनू आर.ए.एस. के समक्ष वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे बहाजरी श्री रामनिवास बेदी वकील वादी मिन जामिन मुदई संजय साहेवाल वकील प्रतिवादी संख्या 31 मिन जानिब मुदायला पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि एव तहसीलदार भू.अ.संगरिया से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव अनुसार अन्तिम डिग्री दी जाती है तथा इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार भू.अ.संगरिया के पत्र क्रमांक 3213 दिनांक 04.09.2019 द्वारा प्राप्त विभाजन प्रस्ताव अन्तिम डिग्री का आवश्यक भाग रहेगे। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगे।

नोटः– उक्त आराजी पर बैंक ऋण की स्थिति में रहन बदस्तुर रखते हुये राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किया जावे।

निज....................मुब्लिक....................बाबत....................खर्चा मुकदमे के मय शूद वा शरह फीसदी सालाना आज की तारीख से तारीख वसूलयाबी तक....................को अदा करे ।

बसब्त मेरे दस्तखत एवं मुहर अदालत से आज दिनांक 16.10.2019 को खुले न्यायालय में जारी किया गया।

(उम्मेद सिंह रतनू)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी,संगरिया

Signature Not Verified
Digitally signed by Ummed Singh Ratnu
Date: 2019.11.27 11:26:03 IST
Reason: SelfAttested
Location: